SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2023-24
NOTES (TERM -2)

CLASS: 4 SUBJECT: Hindi
Prepared By: Deepika Mehra LESSON- (पाठ -८ मेहनत की कमाई)

प्र.१ शब्दार्थ एवं श्रुतलेख पाठ्यपुस्तक प्रतिभा से लिखिए |

प्र.२ दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए |

क) मेहनती – परिश्रमी

वाक्य- मंगू एक मेहनती किसान था |

ख) ठाठ – बाट – शान –शौकत

वाक्य- राजा के महल में सभी ठाठ – बाट से रहते थें |

ग) निठल्ला – बेकार

वाक्य- मेहनत करके जो सुख मिलता है , वह निठल्ला रहकर नहीं |

प्र.३ खाली जगह भरिए |

क) मंगू एक मेहनती **किसान** था |
ख) राजा का हार **हीरों** से बना था |
ग) महल में **पंद्रह** दिन रहने के बाद मंगू वापस चला गया |
घ) मंगू **खुशी –खुशी** विदा लेकर अपने घर वापस आ गया |

प्र.४ दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो –तीन वाक्यों में लिखिए |

क) राजा ने मंगू को अपने महल में क्यों रखा ?

उत्तर – राजा ने मंगू को उसकी इमानदारी से खुश होकर अपने महल में रखा |

ख) असली सुख का एहसास कब होता है ?

उत्तर- असली सुख का एहसास मेहनत करके अपना कार्य को पूरा करने से होता है |

ग) राजा ने मंगू को क्या तोहफ़ा दिया ?

उत्तर- राजा ने मंगू को अपने हाथ में पहना एक कीमती कंगन तोहफें में दिया |

घ) " मेहनत की कमाई " पाठ से आपको क्या शिक्षा मिलती है ?

उत्तर- " मेहनत की कमाई " पाठ से हमें शिक्षा मिलती है कि मेहनत करके जो सुख मिलता है , वह निठल्ला रहकर नहीं

प्र.५ दिए गए प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए |

क) राजा का हार मंगू को कब और कहाँ मिला ?

उत्तर- एक दिन जब मंगू खेत में काम कर रहा था , तभी राजा घोड़े पर सवार होकर उसके खेत के पास से गुजर रहे थे कि उनका हीरों का हार गले से गिर गया था और मंगू को मिल गया |

ख) मंगू ने राजा को महल में वापस नहीं लौटने का क्या कारण बताया ?

उत्तर- मंगू ने राजा को महल में वापस नहीं लौटने का कारण बताया कि " अपने खेत में मेहनत करके जो सुख उसे मिलता है वह महल में निठल्ला रहकर नहीं मिला |

व्याकरण

क्रिया – वे शब्द जिनसे किसी काम के करने या होने का पता चले , वे क्रिया कहलाते हैं |

जैसे – नैना खेल रही है |

प्र.१) दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए |

क) मंगू खेत में हल चला रहा है |

ख) राजा खेत के पास से गुजर रहे थे |

ग) मंगू अपने परिवार से मिलने गया |

कर्म – काम का फल जिस पर पड़ता है , उसे कर्म कहते हैं |

प्र.२) दिए गए वाक्यों में कर्म शब्दों को रेखांकित कीजिए |

क) राम स्कूल जाता है |

ख) मंगू गाँव में रहता है |

ग) मोर वन में नाचता है |